## भाजपा ने मनाया जीत का जश्न



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड विजयश्री का उत्सव भाजपा जिला कार्यालय में मनाया गया। भाजपा की इस प्रचंड विजयश्री पर भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ आतिशबाजी कर मिठाई खिलाकर बधाईयां दीं।

भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के लिए मैं आप सभी को बधाई देता हूं। यह एक महत्वपूर्ण जीत है जो हमारी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों की सफलता को दर्शाती है। इस जीत के लिए मैं हमारे सभी कार्यकर्ताओं और नेताओं को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने अथक प्रयास किया और इस जीत को संभव बनाया। हमारी पार्टी ने हमेशा से जनता के हितों की लड़ाई लड़ी है और इस जीत से हम और अधिक मजबूत होकर जनता की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप हमारी पार्टी के साथ मिलकर काम करें और हमें और अधिक मजबूत बनाने में मदद करें। हमारी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में मदद करें और हमें और अधिक मजबूत बनाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से मैं आप सभी को इस जीत के लिए बधाई देता हूं और आप सभी से अनुरोध करता हूं कि आप हमारी पार्टी के साथ मिलकर काम करें और हमें और अधिक मजबूत बनाने में मदद करें।

इस अवसर पर वरिष्ठ साथी विजय झांझरी, विजय पाण्डे, संजय पटेल, गरिमा दामोदर, भारत घई, माइकल पहाड़े, रंगू यादव, राहुल उइके, संदीप सिंह चौहान, दीपक कोल्हे, अर्पण मैद, मनोज चौरे, दिंशु यादव, प्रतीक दामोदर, तरुण सोनी, गरिमा प्रतिक दामोदर अध्यक्ष जिला भाजपा महिला मोर्चा एवं पार्षद विजय नामदेव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। बता दें कि महाराष्ट्र में भाजपा की प्रचण्ड बहुमतों से जीत हुई है लेकिन मध्यप्रदेश के विजयपुर में भाजपा के वनमंत्री और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिराज सिंधिया के करीब श्री रावत चुनाव हार गए इसके लिए कांग्रेस ने जश्न मनाया।

## पारिवारिक विवाद में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट


**गोटेगांव, देशबन्धु।** स्थानीय थाना के अंतर्गत झोतेश्वर चौकी के ग्राम लाठगांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक पति ने अपनी पत्नी की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस सनसनीखेज घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी पति को तत्काल गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पति परसोत्तम चौधरी और उसकी पत्नी सावित्री चौधरी के बीच पिछले कुछ समय से घरेलू विवाद चल रहा था। शुक्रवार रात को दोनों के बीच किसी बात को लेकर फिर से कहासुनी हुई, जो बढ़ते-बढ़ते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गई। गुस्से में आरोपी ने शनिवार सुबह पास में पड़ी लोहे की रॉड उठाकर पत्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटों के कारण पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हत्या का मामला दर्ज-घटना की सूचना मिलते ही थाना गोटेगांव एवं झौतेश्वर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। आरोपी पति पुरुषोत्तम चौधरी को हिरासत में ले लिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को सौंपकर धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर किया चालान

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** उच न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम हतुयातायात नियमो के उलघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्ध हेलमेट, सीट बल्टे एवं चार पहिया वाहन पर काली फिल्म आदि शीर्ष में प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा अजय पांडे के मार्गदशन एवं दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक आशीष तिवारी, थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाडा द्वारा दिनांक 23 नवबर 2024 को छिंदवाडा पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहो पर विशेष यातायात जाँच अभियान चलाया। इस अभयान का मुख्य उद्देश्य यातायात के नियमों के पालन को सुनिनिश्चत करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था।



इस अभियान में थाना एवं थाना यातायात द्वारा कायवाही कर सयुंक्त रूप से निम्नलिखत कायवाही क गई हेलमेटे न पहनने वाले दो पिहया वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर समन शुल्क वसूला।

### सार-समाचार

## इलाज के लिए सांसद ने दिलाई 60 हजार की आर्थिक मदद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लोगों के इलाज के लिए लगातार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा जिले के तामिया तहसील के अंतर्गत ग्राम लौटीया के संजय राठौर पिता विष्णु राठौर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा स्वेच्छानुदान मद से 60000 की आर्थिक सहायता इलाज के लिए उपलब्ध कराई गई है। संजय राठौर को आर्थिक सहायता मिलने से उनके पैरों में हुई गंभीर बीमारी का इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी। सांसद के प्रयासों से मुख्यमंत्री श्री यादव ने इलाज के लिए राशि स्वीकृत की हैं।

## जेल कॉम्पलेक्स का कब होगा निराकरण, निगम नुकसान में

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जेल काम्पलेक्स का निर्माण तत्कालीन सुधार न्यास द्वारा किया गया था इसके बाद नगर पालिका और अब नगर निगम को हेण्डओवर है। यहां पर गुमटियां रखी गई थी और फिर गुमटियां हटा दी गई, गुमटीधारियों को ही दुकान देने का प्रावधान तय किया गया। परंतु आज तक जेल काम्पलेक्स का मामला अटका हुआ है जिससे न तो निगम को धरोहर राशि मिली है पगड़ी के रूप में, न ही महीने का किराया मिल रहा है। वहीं व्यापारी वर्ग न्यायालय की शरण में गया हुआ है इनकी मांग है कि उन दुकानों का उन्हें मालिकाना हक दिया जावे लेकिन प्रशासन इतने बड़े अरबो के काम्पलेक्स की तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है यदि निराकरण कर दिया जाएें तो करोड़ो रूपये की आय नगर पालिक निगम को उन दुकानों से हो सकती है।

## शिक्षक पर हुए हमले के विरोध में शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

**गाडरवारा, देशबन्धु।** क्षेत्र के चावरपाठा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पदम (केसली ) की शासकीय प्राथमिक शाला मे पदस्थ शिक्षक सतीश रिछारिया पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी से किये गए जानलेवा हमले से शिक्षकों मे रोष व्याप्त हे। बीते शनिवार को शिक्षकों ने स्थानीय तहसील कार्यालय पहुँचकर जिले के कलेक्टर एवं एसपी के नाम तहसीलदार प्रियंका नेताम को ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर कार्यवाही की मांग की। इस अवसर पर राज्य शिक्षक संघ,मप्र शिक्षक संघ,शिक्षक संदर्भ समूह, पुरानी पेंशन बहाली संघ, प्रांतीय शिक्षक संघ, पीएमयुएम सहित अनेक संघो से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत शनिवार को एनटीपीसी गाडरवारा के सौजन्य से परियोजना प्रभावित गांव चोरबरहेटा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में नैगम सामाजिक दायित्व तथा जीवन ज्योति अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ शिविर में चोरबरहेटा गांव के लगभग 100 से अधिक बच्चे, पुरुष, महिलाएं तथा बुजुर्ग लोगों ने अपनी स्वास्थ जांच कराई। शिविर में अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार कर दवा भी निःशुल्क दी गई।

## विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत सिंहपुर बड़ा के शासकीय कन्या माध्यमिक शाला सिंहपुर बड़ा में छात्राओं को विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल जोशी के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वैभव सक्सेना के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालिटीयर आशुतोष स्वामी ने छात्राओं को निशुल्क वकील की सहायता ऐसा व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय 2,00,000 रुपये से कम है उनको निशुल्क सरकारी वकील मिलता है न्याय सब के लिए एक जैसा है, इसमें नागरिकों को शीघ्र, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है एवं समय समय पर लोक अदालत लगती है । अगले माह 14 दिसंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत लग रही है । इसमें सभी प्रकार के प्रकरण हल किये जाते हैं एवं छात्राओं को न्यायालय की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, मौलिक अधिकार कर्तव्य, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके सरंक्षण के लिए योजना बताया गया। बेरोजगारों को धंधा, व्यवसाय चालू करवाने के लिए लोन की प्रकिया समझाई गई, मोबाइल का सदुपयोग- दुरुपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया छात्राओं को ऑनलाइन मोबाइल गेम न खेलने के लिए बोला गया इससे पैसा एवं समय बर्बाद होता है, किसी भी साइट को लिंक न करें कई सरकारी विभागों के टोल फ्री नंबर बताये गए जैसे विधिक सेवा का टोल फ्री नंबर 15100 है।

## विद्या भूमि के बच्चों ने बीमार बालिका को उपचार के लिए दिए चालीस हजार रुपए

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गत 23 नवम्बर 2024 को विद्या भूमि पब्लिक स्कूल के नन्हें बच्चों ने आज मानवता के प्रति अपनी कर्तव्यता का परिचय देते हुए एवं मानवीयता युक्त होकर अपनी संवेदनाओं के साथ बोन मैरो कैंसर से पीड़ित एक छह वर्षीय बालक ऋषिकेश योगेश जावरकर को उपचार हेतु रु. 40000 /- चालीस हजार रु. मात्र 1/2 की राशि प्रदान की। पीड़ित परिवार अपने बच्चे का ईलाज कराने में सतत प्रयायरत है ऐसे में सहायता देने के लिए मानवीय सवेंदनाओं से ओतप्रोत बच्चों ने अपने पाकेट मनी से पैसे बचाकर कर इस कार्य में उत्साह पूर्वक योगदान दिया। प्रतिमाह छात्र छात्राऐं एवं शिक्षक शिक्षिकाऐं अपना योगदान देकर जो सहायता राशि एकत्रित करते हैं। वे इस राशि को आपदा प्रबंधन एवं जरुरत मंदों को देकर उनकी सहायता करते है । छात्र, छात्राओं ने इस नन्हें बालक के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की।



## बालाजी पब्लिक स्कूल में हुआ म्यूजिक मुकाबला, शाला प्रबंधन ने कला को सराहा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नगर के गीतांजली कॉलोनी में स्थित बालाजी पब्लिक स्कूल में म्यूजिक क्लब के द्वारा म्यूजिक कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया जिसमें भारतीय संगीत परम्परा की झलक देखने को मिली। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने राजस्थानी लोकगीत केसरिया बालम, ओड़िसा गीत दालखाई बुदेलखंडी ऐसी का है बात गोरी श्याम भजन नैना जो मिले हैं सरकार से, कव्वाली भर दो झोली मेरी या मोहम्मद गीत ओ माँ, जिन्दगी की यही रीत है आदि गीत प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम में निखिल वंशकार, यश चौधरी एवं नैतिक घावरे की टीम ने वायलिन वादन की शानदार प्रस्तुति से समां बाँधा कार्यक्रम में म्यूजिक टीचर अनुज वर्मा ने कैसियो, छात्र अनंत डेहरिया ने तबला, मोहित यादव एवं वंशिका झरबड़े ने कैसियो एवं शाश्वत सोनी ने गिटार वादन किया। संगीत शिक्षिका सुश्री नन्दिनी महोबे की सक्रिय भूमिका रही। निर्णायक मण्डल में विद्यालय की प्राचार्या बी. अनुराधा नायडू, एसोसिएट डायरेक्टर बी. अभिषेक नायडू एवं बी. आदर्श नायडू उपस्थित थे।

बता दें कि बालाजी पब्लिक स्कूल द्वारा समय समय पर अनेक कार्यक्रम छात्र, छात्राओं के लिए किए जाते है इसी कड़ी में कल म्यूजिकल शो किया गया।

## फोन आते ही बैरंग लौटा भवन तोड़ने गया दस्ता

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** चंदनगांव में नक्शे के विपरीत बन रही इमारत को हटाने पहुंचा नगर निगम, राजस्व और पुलिस का अमला शनिवार को बैरंग लौट गया। बताया जा रहा है कि एक फोन के आने के बाद ही टीम मौके से लौट गई। इस टीम में राजस्व विभाग के एस.डी.एम., निगम आयुक्त, कार्यपालन यंत्री, नगर निरीक्षक और बड़ी संख्या में पुलिस मौजूद रही। अब आगे ये कार्रवाई होगी या नहीं इसे लेकर स्पष्ट नहीं हुआ है, जबकि बताया जा रहा है कि भाजपा के एक खेमे ने इस मामले में हस्तक्षेप किया। जिसके बाद ये कार्रवाई रोक दी गई।





वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि इमारत में अनुमति से ज्यादा निर्माण किया गया था, जिसका जुर्माना वसूल कर नगर निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो सकती थी।

गौरतलब है कि चंदनगांव के पाठाढाना में बलराम विश्वकर्मा की पांच मंजिला इमारत का निर्माण किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व पांच मंजिला इमारत पर लेंटर डालते समय एक युवक की गिरकर मौत हो गई थी। इसके बाद इमारत मालिक बलराम और ठेकेदार पर मामला दर्ज किया गया। नगर निगम इमारत को लेकर नोटिस भी दे चुका है। इसके बाद भी इमारत को नक्शे के अनुरूप नहीं बनाया गया।

इसी मामले में नगर राजस्व विभाग के एस.डी.एम. सुधीर जैन सहित अन्य कर्मचारी, नगर निगम कमिश्नर सहित पूरा उड़न दस्ता अतिक्रमण हटाने और नक्शे के विपरीत हो रहे काम को तोड़ने पहुंचा था। निगम ने इमारत तोड़ने की पूरी तैयारी कर ली थी। किसी प्रकार की कोई विवाद न हो, इसको लेकर पुलिस बल तैनात किया गया था। जैसे ही कार्रवाई शुरू की गई तो किसी बड़े नेता का फोन आया और राजस्व विभाग और निगम ने कार्रवाई को तत्काल रोक दिया। अतिक्रमण हटाने पहुंचे अमला उल्टे पैर वापस आ गया।

बताया जा रहा है कि बलराम विश्वकर्मा भाजपा के एक खेमे से जुड़ा है। इस कारण यह मामला और भी दिलचस्प हो गया है। इमारत मालिक बलराम विश्वकर्मा नक्शे के विपरीत निर्माण कार्य करवा रहा था। इसको लेकर निगम ने नोटिस भी दिया। निर्माण कार्य में कोई सुधार कार्य नहीं करवाया गया। इसके बाद राजस्व विभाग, निगम अमला और पुलिस दल कार्रवाई करने के लिए पहुंचा था। आखिर किस नेता ने फोन कर इस अवैध निर्माण को सरंक्षण दिया गया इसे लेकर चर्चा का दौर जारी है।

तो वहीं किसी गरीब का होता तो अब तक मलमा उठाने की तैयारी हो जाती जैसा कि बादल भोई आदिवासी संग्रहालय का वर्चुअल उद्घाटन होना था, दशहरा मैदान में भव्य कार्यक्रम किया गया लेकिन बड़े नेताओं का आगमन हो रहा है कहकर 40 दुकानों को ऐसा हटाया जैसे उन दुकानों के चलते उद्घाटन ही नहीं होता इसके लिए किसी ने फोन करने की जरूरत नहीं समझी न कोई सामने गया।

इसके पूर्व एक कॉलोनी में ईमारत को ढहा दिया गया तब भी कोई फोन की घंटी नहीं बजी लेकिन एक प्रभावशाली व्यक्ति के लिए घंटी बजी और दस्तां बैरंग आया इससे ऐसा लगता है कि रिमोट कंट्रोल कहीं है और फुटबॉल की भूमिका में नजर आ रहा है जिससे निगम अमला अपना काम नहीं कर पा रहा है ऐसी शहर में चर्चा चल रही है।

## वार्डन बनने के बाद पढ़ाया नहीं, होगी जांच

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जुन्नारदेव विकासखंड में सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति के बीच आदिवासी विकास विभाग ने एक शिक्षिका पर वार्डन बनाने के बाद आज तक पढ़ाने के लिए स्कूल नहीं पहुंचने का आरोप लगाकर जांच समिति गठित कर दी है। मामला जुन्नारदेव के नंदन संकुल के हायर सेकेंडरी स्कूल नंदन का है।

विभाग का दावा है कि वर्ष 2021 में जारी हुए आदेश के तहत शिक्षिका को छात्रावास का अतिरिक्त प्रभार लेने के साथ ही शैक्षणिक कार्य भी करना था। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दमुआ के नंदौरा छात्रावास की अधीक्षिका की मृत्यु हो जाने पर शिक्षिका मीरा झारिया को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

आदेश में साफ था कि शिक्षिका को अध्यापन कार्य के साथ ही छात्रावास का अतिरिक्त संचालन करना है, जिसके तहत शिक्षिका को दो हजार रुपए अतिरिक्त मानदेय दिया जाना था। विभाग का आरोप है कि प्रभार मिलने के बाद शिक्षिका द्वारा अध्यापन कार्य पूरी तरह बंद कर दिया गया पूरे तीन वर्षों से शिक्षिका पढ़ाने संस्था नहीं पहुंची।

मामले का संज्ञान लेकर विभाग ने जांच दल गठित कर दिया है। मामले में शिक्षिका मीरा झारिया ने बताया कि उनका स्थानांतरण मध्यप्रदेश शासन एवं विभाग के विहित प्रविधानों के तहत कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला नंदन से अधीक्षिका के पद पर वर्ष 2019 के अगस्त माह में स्थानान्तरण द्वारा आदिवासी कन्या छात्रावास दमुआ में किया था। उन्हें इसी समय शिक्षण संस्था से कार्यमुक्त भी कर दिया गया था।

### जुन्नारदेव के हायर सेकेंडरी स्कूल नंदन का मामला

वर्ष 2021 के जून माह में प्राथमिक शिक्षक मीना तुमडामे को आदिवासी कन्या छात्रावास का अस्थायी प्रभार दिलवाया गया और मुझे निर्देशित किया गया कि तुम ऑलरेडी नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास नंदौरा में कार्य करते रहो। इस आदेश के परिपालन में रिलीव संस्था उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय नंदन से कार्यमुक्त होने के बाद कैसे शिक्षण कार्य किया जा सकता है।

कलेक्टर के निर्देशानुसार पूर्व पदस्थ शिक्षण संस्था में पद स्थापना हुए बगैर शिक्षण कार्य किया जाना आदेशानुसार संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि संस्था से स्थानांतरण के बाद उनका मूल पद अधीक्षक आदिवासी कन्या छात्रावास दमुआ ही है।

उन्हें अभी तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने शिक्षण कार्य करने के लिए कार्यमुक्त नहीं किया है। इन हालातों में भी विभाग श्रीमती झारिया को कार्यमुक्त संस्था में ही पदस्थ मान रहा है और बिना निर्देश के वेतन पत्रक के आधार पर वेतन आहरित कर रहा है । श्रीमती मीरा झारिया ने यह भी बताया कि कलेक्टर के आदेशानुसार इस संस्था से उन्हें शिक्षण कार्य के लिए कोई निर्देश नहीं दिए गए जबकि वह आज भी शिक्षण कार्य करना चाहती है ।

## गुलाम हसन खान का गायन आज

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** निनाद ललित कला समिति द्वारा स्व. भातखंडे संगीत समारोह के अंतर्गत देश के सुविख्यात गायक गुलाम हसन खान का गायन रविवार 24 नवंबर संध्या 7.00 बजे शिर्डी सांई मंदिर के सामने बक्षी प्रांगण में होगा।

निनाद ललित कला समिति के सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि गुलाम हसन खान का संबंध 200 साल पुराने रामपुर सहसवान घराने से है। संगीत सम्राट तानसेन इसी घराने से संबद्ध थे। गुलाम हसन खान ने गायिकी की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा 3 साल की उम्र में अपने पिता गुलाम अब्बास खान जो स्वयं विख्यात गायक थे से प्राप्त की। इसके पश्चात पद्मश्री गुलाम सादिक खान से हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत की तालीम ली। गुलाम हसन खान घरानेदार गायिकी विशेषकर ख्याल, सपाट ताने, मीड एवं सुंदर रूप से विकसित तानों के साथ मिठासभरा गायन करते हैं। आप ठुमरी, तराना, गीत, गजल, सूफी भजन, पूर्ण सिद्धहस्तता से प्रस्तुत करते हैं।

गुलाम हसन खान ने 7 साल की उम्र से ही देश विदेश में मंचों पर प्रस्तुति देना आरंभ किया था। गुलाम हसन खान को पूर्वी म्युजिक फाउंडेशन फेस्टिवल, सिलसिला फेस्टिवल, ललित कला एकेडमी कानपुर, उस्ताद बडे गुलाम अली खान यादगार सभा, आईसीसीआर द्वारा मल्हार महोत्सव, त्रिवेणी संगीत सभा, आईटीसी म्युजिक फेस्टिवल जैसे अनेक कार्यक्रमों में प्रस्तुतियाँ दी है ।

## निर्माणाधीन सड़कों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लैक लिस्टेड

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा जिले के विकासखंड अमरवाड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माणाधीन सड़कों और पुलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने पलटवाड़ा से सिंगोड़ी और अमरवाड़ा चौरई रोड से घुघरलाखुर्द सड़क परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। तय समय सीमा में काम पूरा न होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और संबंधित ठेकेदारों को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि काम में देरी जारी रही तो ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।





निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पलटवाड़ा से सिंगोड़ी के बीच निर्माणाधीन सड़क में दो पुलों का निर्माण कार्य चल रहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिया कि इन पुलों को शीघ्रता से पूरा किया जाए ताकि आम जनता को आवागमन में हो रही कठिनाइयों से राहत मिल सके। उन्होंने इस मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य को भी प्राथमिकता के साथ तय समय में पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी।

कलेक्टर सिंह ने अमरवाड़ा चौरई रोड से घुघरलाखुर्द के बीच बन रही सड़क का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य की धीमी गति पर चिंता व्यक्त की। इस परियोजना के तहत भी दो पुलों का निर्माण चल रहा है। उन्होंने इन पुलों और सड़क निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण में देरी से आम लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे और पीएमजीएसवाय के अधिकारी उपस्थित थे ।

## डुंगरिया रैय्यत शाला पहुंचे कलेक्टर, देखी शैक्षणिक गुणवत्ता, दिए निर्देश



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा आज शनिवार को जिले के विकासखंड अमरवाड़ा के एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला डुंगरियारैयत में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का जायजा लिया।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा निरीक्षण में पाया गया कि शाला में अध्ययनरत विद्यार्थी हिन्दी विषय की पुस्तकों को पढ़ने में असमर्थ व अंग्रेजी वर्णमाला को जोडकर पढ़ने में असमर्थ है। इस स्थिति पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित माध्यमिक शिक्षक राजकुमार डहेरिया के दो वेतन वृद्धि तथा प्राथमिक शिक्षक ज्ञानदास इनवाती की एक वेतन वृध्दि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि वे शिक्षण में सुधार के लिए नई रणनीतियां अपनाएं। बच्चों के बौद्धिक और शैक्षणिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही शिक्षकों से कहा गया कि वे बच्चों की मूलभूत क्षमताओं को विकसित करने के लिए जिम्मेदारी से कार्य करें। इस दौरान एसडीएम अमरवाड़ा हेमकरण धुर्वे उपस्थित थे।

### सार समाचार

## कुष्ठ रोग खोज अभियान की सीएमएचओ ने ली समीक्षा बैठक



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिंदवाड़ा के निर्देशानुसार जिले में 2 दिसंबर से 18 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 23 नवम्बर 2024 को समस्त ब्लॉक के बी.सी.एम., बी.ई.ई. तथा कुष्ठ कार्यकर्ता को सी.एम.एच.ओ. कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिले में आगामी 2 दिसंबर से 18 दिसंबर तक कुष्ठ रोगों खोज अभियान आयोजित किया जाना है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में कुष्ठ के रोगियों को ढूंढकर उचित उपचार प्रदान करना है।

इस अभियान में स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा घर घर जाकर कुष्ठ के मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण की शुरुआत सी.एम.एच.ओ. डॉ. एन.के. शास्त्री द्वारा किया गया एवं प्रमोद नारद द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण एवं आगामी एल.सी.डी.सी. कार्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाया गया। प्रशिक्षण में डॉ. प्रमोद वासनिक द्वारा आगामी कार्यक्रम में होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा बनाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए गए। जिला स्तरीय प्रशिक्षण के उपरांत ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण आयोजन करने के निर्देश दिए गए जिससे कार्यक्रम को व्यापक स्तर पर सफल बनाया जा सके एवं अधिक से अधिक संख्या में कुष्ठ के मरीजों को उपचार उपलब्ध हो सके प्रशिक्षण में डी.एच.ओ. डॉ. धीरज दावंडे, मीडिया अधिकारी डॉ. प्रमोद वासनिक, डी.सी.एम. मनोज राय, रघुनाथ वर्मा, बी.आर. देशमुख, प्रमोद नारद, कमलकांत पवार एवं सौरभ नामदेव द्वारा प्रशिक्षण को संपन्न किया गया।

## छिन्दवाड़ा युनिवर्सिटी युवा उत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के विश्वविद्यालय स्तरीय त्रिदिवसीय युवा उत्सव समारोह का भव्य समापन समारोह नवागत कुलगुरू प्रो. इन्द्र प्रसाद त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कुलगुरू ने विजेता प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य छात्रों को संस्कारवान, ऊर्जावान और चरित्रवान बनाना है। स्वस्थ स्पर्धाएं छात्रों में सृजनात्मकता, कलात्मकता और सकारात्मकता के समन्वय से प्रभावी व्यक्तित्व का निर्माण करती है। ऐसे छात्र सामाजिक सरोकारों में आने वाली चुनौतियों पर विजय पाने में महती भूमिका निभाते हैं। कुलसचिव डॉ. युवराज पाटिल ने कहा कि युवा उत्सव की विधाएं छात्रों के लिए अभिप्रेरणा का सबब बनती हैं, जो राष्ट्रव्यापी बदलाव का कारक बनती हैं। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. जे.के. वाहने ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा उत्सव छात्रों को राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों पर संजीदगी से अपनी परिपक्व अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का मंच प्रदान करते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. धनाराम उइके ने कहा कि युवा उत्सव छात्रों को परिष्कृत करके लोकगौरव का निर्वहन करने वाले नागरिक गढ़ते हैं, जो आज की शिक्षा की महती आवश्यकता है। विभिन्न विधाओं के निर्णायकों में नेमीचन्द्र व्योम ने अपने समीक्षात्मक उद्बोधन में जहां भाषा के साथ पूरी शिद्दत बरतने, ओमप्रकाश शर्मा ने अपनी अभिरुचि पर ताउम्र काम करने और अशोक जैन ने अपने जूनून से रचनात्मक संभावनाओं में वृध्दि करने पर जोर दिया, वहीं ओमप्रकाश नयन ने अभिव्यक्ति मके अनुशासन से जीवन संवारने, अब्दुल हक खान ने एक लक्ष्य पर समूची ऊर्जा को खर्च करने और धीरेंद्र दुबे ने अपने लहजे को सतत अभ्यास से सिद्धहस्त होने तक तराशने पर जोर दिया। समारोह में सभी विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य मेडल कुलगुरू और विशिष्ट अतिथियों के हस्ते वितरित किए गए।



## पीएमश्री कैलाश नगर स्कूल में शिक्षकों का विदाई कार्यक्रम

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** शहर के पी एम श्री कन्या कैलाश नगर स्कूल में शिक्षकों का विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उच्च पद प्रभार पर गए व्याख्याता सुनील विश्वकर्मा, सुधा साहू, ओमप्रकाश गोयल, उच्च श्रेणी शिक्षक मंजू बेले एवं स्थानांतरण पर गए शिक्षक अर्चना डोंगरे, सुलभा गुगनानी को समस्त स्टाफ द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर समस्त स्टाफ एवं प्राचार्य मनीषा मिश्रा द्वारा शिक्षकों के साथ बिताए संस्मरण को याद करते हुए सबके उज्ज्वल जीवन की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम का संचालन अजय वर्मा ने किया। कार्यक्रम को एन.के. डेहरिया, विजय चौकसे, ॠषि कमलेश, अतुल उइके, अमृता असोलकर, मीना नागवंशी, अर्चना तिवारी, नजहत आलिया, माया गढ़ेवाल, अलका दुबे, अर्चना शर्मा, रेखा वर्मा, माया त्रिपाठी, जया साहू संगीता परिहार, पल्लवी साहू ने भी संबोधित किया।



## आसाराम बापू की शीघ्र रिहाई हो : स्वामी राकेशानंद

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** श्री कालीरात धाम प्रबंधकारणी समिति द्वारा राम कथा एव विशाल संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। 7 दिन तक चले कार्यक्रम में महामण्डलेश्वर नागेंद्र ब्रह्मचारी, महंत हरिहरण, सौम्या देवी, हनुमंत बाबा, ज्ञानानंद महाराज, आत्मगिरी महाराज, अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त श्री राधा सेवा संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी राकेशानन्द मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



श्री राकेशानन्द ने मीडिया को बताया कि हम सब सनातन बोर्ड का गठन की मांग के साथ सन्त श्री आशारामजी बापू की रिहाई की भी माँग कर रहें हैं। साधु सन्तों पर अत्याचार बन्द हो। बापूजी ने धर्मांतरण पर रोक लगाई। तुलसी पूजन और मातृ-पितृ पूजन जैसे आयोजन कर पूरे विश्व में सनातन संस्कृति का गौरव बढ़ाया है। 16 नवम्बर को दिल्ली में हजारों साधु सन्तों ने देवकीनंदन ठाकुर के नेतृत्व में एकत्रित होकर सनातन बोर्ड की मांग कर साधु संतों पर हो रहे अत्याचार को बंद करने की भी माँग की है।

देवकीनंदन ठाकुर ने बताया कि जो भी साधू संत धर्मांतरण का विरोध करेगा सनातन संस्कृति का प्रचार करेगा उसको षड्यंत्रकारी जेल में डाल देंगे। इस न्याय व्यवस्था का हम घोर विरोध करते हैं। पूज्य बापूजी की समिति के जनहितैषी सेवाकार्यों को मैंने करीब से देखा है। देश भर में घूम घूम कर भागवत कथा करता हूँ जिससे उनके सभी आश्रमों में जाते रहता हूँ। मेरे सभी कार्यक्रमों में मातृ पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम होता ही है और बहुत से साधू संत भी यह आयोजन करते हैं। 7 दिनों में लगभग 50 हजार से अधिक लोगों ने उपस्थित दर्ज की। इस अयोजन में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, म.प्र. शासन के पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नाना भाऊ महोड़, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, जिला पंचायत सदस्य ललिता घोगें, पूर्व भाजपा अध्यक्ष रमेश पोपली, सरपंच रूपेश कराड़े, अंतोदय समिति के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विलास घोगें, कालीरात प्रबंध समिति के अध्यक्ष देवराव ठाकरे, चैतराम अमृते, ठगन पटेल, वीरेन्द्र युवनाती, सुभाष इंगले आदि का सहयोग सराहनीय रहा ।

## गुरैया वेदी प्रतिष्ठा में बहेगी आध्यात्म की गंगा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** धर्म नगरी गुरैया में बने सुंदर एवं मनोहारी श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय का तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव आगामी 27 नवंबर से प्रारंभ होने जा रहा हैं जिसकी जोरदार तैयारी सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज, युवा परिषद एवं नवयुवक मंडल द्वारा की जा रही है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि मंगल महोत्सव में पूरे देश से साधकगण, श्रेष्ठिजनों के साथ जिनवाणी तत्वरसिक गुरुभक्त गुरैया पधार रहे हैं, जो त्रिदिवसीय मंगल महोत्सव के लिए बन रही मनोहारी शुद्धात्म नगरी में आध्यात्म की गंगा, भक्ति की यमुना एवं सिद्धांत की सरस्वती ऐसी पावन त्रिवेणी में स्नान कर श्रीगुरु महाराज सहित जिनशासन की मंगल प्रभावना करते हुए आत्मा से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

महोत्सव के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष आभाष जैन ने बताया कि 27 नवंबर को महोत्सव का शुभारंभ ध्वजारोहण कर श्री जिनवाणी जी अस्थाप के साथ विविध अनुष्ठानों से होगा, 28 नवंबर को श्री जिनवाणी पालकी यात्रा एवं कलशारोहण, 29 नवंबर को वेदी सूतन एवं तिलक महोत्सव होगा। महोत्सव में प्रतिदिन सामायिक, ध्यान एवं प्रभात फेरी, तारण त्रिवेणी का पाठ, मंत्र जप, भाव पूजा, मंदिर विधि, मंगल प्रवचन, आरती, भक्ति, स्तुति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दोनों समय पात्र भावना का आयोजन किया जावेगा।



तीन दिवसीय मंगल महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील सकल जैन समाज सहित धर्म प्रेमी बंधुओं से संरक्षक पंडित धनकुमार जैन, सवाई सेठ धनकुमार जैन, सतीश कुमार जैन, अशोक कुमार जैन, अध्यक्ष संदीपकुमार जैन, उपाध्यक्ष सवाई सेठ आभाष जैन, सचिव दीपक जैन, कोषाध्यक्ष सवाई सेठ अर्पित जैन, सहसचिव दा.चौ. आशुतोष जैन एवं सह कोषाध्यक्ष सेठ सचिन जैन सहित समस्त गुरुभक्त

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पांच हजार मरीजों ने कराई स्वास्थ्य की जांच, मिली दवाइयां



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** भोपाल के चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल के द्वारा आज प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा स्वास्थ शिविर का आयोजन शासकीय श्री नंदलाल सूद स्कूल में विधायक सुनील उइके के विशेष अनुरोध पर किया गया जिसमें लगभग 5000 मरीजों में स्वास्थ्य लाभ अर्जित किया। मरीज को 150 डॉक्टर्स 100 पैरामेडिकल स्टाफ ने अपनी सेवाएं दी जिसमें चिरायु मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल द्वारा ई.सी.जी., एक्स-रे, ईको, ब्लड जांच हुई एवं दवाइयां नि:शुल्क वितरित की गई।शिविर में ऑपरेशन के लिए चयनित 480 मरीजों को भोपाल बस के द्वारा ले जाया गया। जिन्हें उपचार के बाद जुन्नारदेव वापस भी लाया जाएगा। शिविर का आयोजन आज भी रविवार 24 तारीख को सुबह 10:00 शाम 5:00 बजे तक होगा। सभी मरीजों को खाने के पैकेट भी वितरित किए गए।

स्वास्थ्य शिविर में पेंचवेली लाइफ पैरामेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा के 33 स्टूडेंट्स ने भी अपना सहयोग प्रदान कया। तथा आंखों की जांच के लिए शासकीय अस्पताल के नेत्र सहायक यूके नेमा सीबा ऑप्टिकल के मोहम्मद याकूब ने भी चश्मे के नंबर जांच कर अपना योगदान दिया। शिविर को सफल बनाने में समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सक्रिय योगदान रहा।

## 5 स्टार सेफ्टी रैंकिंग वाली ऑल न्यू डिजायर की कामठी मोटर्स में भव्य लॉचिंग

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** नागपुर रोड स्थित मारुति के एकमात्र अधिकृत डीलर कामठी मोटर्स में लंबे इंतजार के बाद मारुति सुजुकी की ऑल न्यू डिजायर सेडान की भव्य लॉन्चिंग जिला परिवहन अधिकारी मनोज कुमार तेहरगुनिया, मुख्य वन संरक्षक मधु विराज की गरिमामय उपस्थित में सम्पन्न हुई। जानकारी देते हुए कामठी मोटर्स के एम डी अभय दुगड़ ने बताया कि डिजायर की एक्स शोरूम प्राइस 6.79 लाख रुपये रखी गई है। इसके पुराने मॉडल के मुकाबले काफी सारे नए फीचर्स और बेहतर लुक-डिजाइन के साथ ही मारुति सुजुकी की पहली 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग वाली कार है।

ऑल न्यू डिजायर को ग्लोबल एनकैप से 5 स्टार सेफ्टी रेटिंग मिल चुकी है और इसने क्रैश टेस्ट की एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन और चाइल्ड ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन कैटिगरी में अच्छे-खासे पॉइंट्स हासिल किए हैं। इसमें इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम, हिल होल्ड




असिस्ट, ईबीडी के साथ एबीएस, ब्रेक असिस्ट, 3-पॉइंट सीट बेल्ट्स और सभी सीटों के लिए सीटबेल्ट रिमाइंडर समेत अन्य खूबियां हैं।कामठी मोटर्स के अंकित जैन ने नई डिज़ायर के एक्सटीरियर और इंटीरियर की जानकारी देते हुए बताया कि कॉम्पैक्ट सेडान में सीरीज पेट्रोल इंजन के साथ ही सेगमेंट फर्स्ट इलेक्ट्रिक सनरूफ और 360 डिग्री कैमरा दिया गया है। ऑल न्यू मारुति सुजुकी डिजायर के इंटीरियर और फीचर्स की बात करें तो इसमें स्विफ्ट जैसा डैशबोर्ड, डार्क ब्राउन बिट्स के साथ बीज इंटीरियर थीम, ब्रश्ड अल्यूमिनियम के साथ फॉक्स वूड, मल्टी फंक्शनल स्टीयरिंग व्हील, 9 इंच का स्मार्टप्ले प्रो प्लस इन्फोटेनमेंट सिस्टम, एनालोग डायल्स, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और ऐपल कार प्ले सपोर्ट, वायरलेस चार्जर, कनेक्टेड कार फीचर्स, एचवीएसी कंट्रोल, रियर एसी वेंट्स है। सेफ्टी फीचर्स की बात करें तो इसमें 6 एयरबैग्स, इलेक्ट्रोनिक स्टैबिलिटी प्रोग्राम, ईबीडी के साथ एबीएसए ब्रेक असिस्ट हिल होल्ड असिस्टए 3.पॉइंट सीट बेल्टएआइसोफिक्स माउंट्स और रियर डिफॉगर आदि।